हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग
बेज 67–70, सैक्टर–2, पंचकूला ।
(सार्वजनिक सूचना)

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग, बेज 67–70, सैक्टर–2, पंचकूला के कार्यालय में हरियाणा सरकार की आउटसोर्सिंग पॉलिसी दिनांक 16.02.2009 एवं 06.04.2015 पार्ट–II, के अर्न्तगत उप–अधीक्षक (01 पद), सहायक (09 पद), लिपिक (08 पद) व स्टैनो टाईपिस्ट (09 पद) अनुबन्ध आधार पर भरने हेतु हरियाणा सरकार के कार्यालयों एवं हरियाणा सरकार के अधीन बोर्ड/कार्पोरेशन से सेवानिवृत्त कर्मचारियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते है। इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यताऐं एवं शर्तें निम्नलिखित है:–

1. उप–अधीक्षक (01 पद– **Gen Cat.**) के लिए कम से कम 5 वर्ष का उप–अधीक्षक के पद पर कार्य का अनुभव अथवा अधीक्षक के पद पर कम से कम तीन वर्ष का अनुभव।
2. सहायक (09 पद– **Gen-4, SC-4, BCB-1 Cat.**) के लिए कम से कम 10 वर्ष का सहायक पद पर कार्य अनुभव अथवा उप–अधीक्षक के पद पर कम से कम तीन वर्ष का अनुभव।
3. लिपिक (08 पद– **Gen-4, SC-2, BCA-2 Cat.**) के लिए कम से कम 10 वर्ष का लिपिक अनुभव।
4. स्टेनो–टाईपिस्ट हिंदी एवं अग्रेंजी (09 पद– **Gen-5, SC-2, BCA-1, BCB-1 Cat.**) के लिए उक्त पद पर 5 वर्ष के कार्य अनुभव के साथ कम्प्यूटर पर अंग्रेजी टाईपिंग 30 शब्द/मिनट तथा हिन्दी टाईपिंग 25 शब्द/मिनट की गति।
5. नियुक्ति कार्य ग्रहण की तिथि से एक वर्ष की अवधि अथवा सहायक के पदों पर नियमित नियुक्ति तक, जो भी पहले होगी।
6. पदों की संख्या कार्यालय द्वारा आवश्यकता अनुसार कम अथवा अधिक की जा सकती है।
7. उम्मीदवार पद विज्ञापित होने की तिथि को 65 वर्ष की आयु से अधिक न हो तथा वे मेडिकल तौर पर फिट हों।

मानदेय – हरियाणा सरकार की पोलिसी दिनांक 03.11.2017 अनुसार पद का केवल न्यूनतम वेतनमान– उप–अधीक्षक पद के लिए रु0 44900/–, सहायक पद के लिए रु0 35400/– तथा स्टेनो–टाईपिस्ट तथा लिपिक पद के लिए रु0 19900/–।

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार अपना आवेदन, शैक्षणिक योग्यताओं, अनुभव, सेवानिवृत्ति तथा मेडिकल फिटनेस के प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रतियों सहित दस्तावेजों के निरीक्षण हेतु नीचे दर्शाये विवरण अनुसार कार्यालय सचिव, हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग, पंचकूला के सम्मुख उपस्थित हों:–

1. उप–अधीक्षक पद के लिए	18.11.2020 को प्रातः 11.00 बजे
2. सहायक पद के लिए	18.11.2020 को प्रातः 11.00 बजे
3. लिपिक पद के लिए	19.11.2020 को प्रातः 11.00 बजे
4. स्टेनो–टाईपिस्ट के पद के लिए	20.11.2020 को प्रातः 11.00 बजे.

Sd/–
सचिव, हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग,
पंचकूला